Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय – 05 | आधुनिक विश्व में चरवाहे

## QUIZ-03

1. **अफ्रीका में दुनिया की आधी से ज़्यादा चरवाहा आबादी कहाँ रहती है?**
   A. एशिया  B. यूरोप
   C. अफ्रीका  D. अमेरिका  (C)

***व्याख्या :*** अफ्रीका में दुनिया की आधी से ज़्यादा चरवाहा आबादी रहती है और करोड़ों लोग चरवाही गतिविधियों पर आश्रित हैं।

2. **'मासाई' शब्द का क्या अर्थ है?**
   A. मेरे लोग  B. चरवाहा
   C. स्वतंत्र व्यक्ति
   D. पशुपालक  (A)

***व्याख्या :*** 'मा' शब्द से बना 'मासाई' शब्द का अर्थ है – 'मेरे लोग'।

3. **मासाई समुदाय किस क्षेत्र में पाया जाता है?**
   A. दक्षिण अफ्रीका  B. पश्चिमी अफ्रीका
   C. पूर्वी अफ्रीका
   D. उत्तरी अफ्रीका  (C)

***व्याख्या :*** मासाई समुदाय पूर्वी अफ्रीका का निवासी है और यह मुख्य रूप से दक्षिणी कीनिया और उत्तरी तंज़ानिया में पाया जाता है।

4. **मासाईलैंड के दो हिस्सों में बँटवारा कब किया गया?**
   A. 1875  B. 1885
   C. 1890  D. 1905  (B)

***व्याख्या :*** 1885 में मासाईलैंड को दो बराबर हिस्सों में बाँट दिया गया।

5. **तांगान्यीका कब ब्रिटिश नियंत्रण में आया?**
   A. 1919  B. 1925
   C. 1930  D. 1940  (A)

***व्याख्या :*** 1919 में प्रथम विश्व युद्ध के बाद तांगान्यीका ब्रिटिश नियंत्रण में आ गया।

6. **तंज़ानिया में कौन-सा राष्ट्रीय उद्यान (पार्क) मासाई चरागाहों से बना?**
   A. मासाई मारा
   B. सरेन्गेटी नेशनल पार्क
   C. अंबोसेली नेशनल पार्क
   D. साम्बूरु नेशनल पार्क  (B)

***व्याख्या :*** तंज़ानिया में सरेन्गेटी नेशनल पार्क मासाई चरागाहों से बना था।

7. **1933 और 1934 के सूखे में मासाइयों की स्थिति क्या हुई?**
   A. पशुधन फल-फूल गया
   B. आधे से ज़्यादा मवेशी मर गए
   C. नए चरागाह मिल गए
   D. खेती का विस्तार हुआ  (B)

***व्याख्या :*** 1933 और 1934 के सूखे में मासाई समुदाय के आधे से अधिक मवेशी मर गए।

8. **उपनिवेश बनने से पहले मासाई समाज किस दो श्रेणियों में बँटा हुआ था?**
   A. अमीर और गरीब
   B. वृद्ध (एल्डर्स) और योद्धा
   C. राजा और प्रजा
   D. व्यापारी और किसान  (B)

***व्याख्या :*** उपनिवेश बनने से पहले मासाई समाज वृद्ध (एल्डर्स) और योद्धा (वारियर्स) में बँटा हुआ था।

9. **औपनिवेशिक शासन ने मासाई मुखियाओं की शक्ति को कैसे बदला?**
   A. उन्हें खत्म कर दिया
   B. उन्हें और मज़बूत बनाया
   C. औपनिवेशिक सरकार ने कुछ मुखिया नियुक्त कर दिए
   D. उन्हें विदेश भेज दिया  (C)

***व्याख्या :*** अंग्रेज़ सरकार ने मासाई उपसमूहों के मुखिया नियुक्त कर दिए और सारी जिम्मेदारी उन्हें सौंप दी।

10. **पयावरणविदों और अर्थशास्त्रियों के अनुसार घुमंतू चरवाहों की जीवनशैली कैसी है?**
    A. असफल और अनुपयोगी
    B. केवल पिछड़े समाज के लिए उपयुक्त
    C. पहाड़ी और शुष्क इलाकों में सबसे उपयुक्त
    D. केवल जंगलों में कारगर  (C)

***व्याख्या :*** पयावरणविदों और अर्थशास्त्रियों के अनुसार घुमंतू चरवाहों की जीवनशैली पहाड़ी और शुष्क क्षेत्रों में जीवनयापन के लिए सबसे उपयुक्त है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App